भाजपा के प्रदेश विस्तारकों ने क्षेत्र में काम करते हुए बनाई नई पहचान : भजनलाल शर्मा

- भाजपा के लोकसभा और विधानसभा विस्तारकों ने पार्टी की विचारधारा के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर किया कार्य : बीएल संतोष
- प्रदेश के प्रत्येक विस्तारकों ने कड़ी मेहनत और मजबूती के साथ कमल के फूल के लिए किया कार्य : सीपी जोशी

जयपुर। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज विस्तारक समापन बैठक आयोजित की गई। भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने कहा कि भाजपा के लोकसभा और विधानसभा विस्तारकों ने पार्टी की विचारधारा के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर कार्य किया है। ऐसे में प्रत्येक विस्तारक के अनुभव और उसके सुझाव पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। भाजपा की रिति और नीति के अनुसार कार्य की शुरूआत से लेकर उसके अंतिम चरण तक की भूमिका तैयार की जाती है और कार्य को अंजाम देने के बाद कार्य की समीक्षा भी की जाती है। बीएल संतोष ने भाजपा के प्रत्येक विस्तारक के साथ उसके अनुभव, सुझाव और कार्य के दौरान क्या नवाचार मिला, इसकी विस्तार से चर्चा की।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने विस्तारक कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा ने विधानसभा चुनावों तथा लोकसभा चुनावों में विस्तारकों का चयन किया। प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनावों में प्रत्येक विस्तारक ने अपने समय का दान करते हुए कड़ी मेहनत की और भाजपा की विचारधारा को मजबूत करने के लिए बेहतर प्रयास किया। केंद्र और प्रदेश ईकाई की ओर से भाजपा के विस्तारक को दिए गए टास्क को समय पर पुरा किया। देश की अन्य पार्टियों में व्यक्ति विशेष चुनाव लडता है, जबकि भाजपा में कमल के फूल के लिए चुनाव लड़ा जाता है। प्रदेश के प्रत्येक विस्तारकों ने मेहनत और मजबूती के साथ कमल के फूल के लिए काम किया।

विस्तारक समापन बैठक को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी में काम करते है तो काम होने के साथ ही व्यक्ति की पहचान भी बनती है। भाजपा के प्रदेश विस्तारकों ने क्षेत्र में काम करते हुए पार्टी को समय दिया, इससे पार्टी का कार्य होने के साथ ही विस्तारकों की नई पहचान भी बनी है। प्रदेश के प्रत्येक विस्तारक ने पूर्ण रूप से मन और भाव से काम किया। इससे पार्टी एवं संगठन जमीनी स्तर पर भी मजबूत हुआ है। भाजपा का कार्य राष्ट्र का कार्य, और भाजपा ही ऐसी पार्टी है जहां राष्ट्र को प्रथम मानकर कार्य किया जाता है। बैठक में भाजपा चुनाव प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे ने भी विस्तारकों से चर्चा की और विस्तारकों के अनुभवों को लेखबद्ध करने की अपील की। विस्तारक कार्यक्रम संयोजक राजेश गुर्जर ने मंच संचालन किया। इस दौरान प्रदेश की सभी लोकसभा के साथ विधानसभा के विस्तारक मौजूद रहे।

बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश चुनाव प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे, प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में भाजपा के विस्तारकों ने अपने अनुभव साझा किए। बैठक में उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा, दीया कुमारी, भाजपा महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल, श्रवण सिंह बगडी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, भाजपा प्रदेश मंत्री विजेंद्र पूनिया, अनंतराम विश्नोई, पिंकेश पोरवाल, भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक सहित प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे।

मानसून की आवक के साथ ही शनिवार को सुबह से ही जयपुर में काले-काले बादलों की आवाजाही लगी रही। शाम होते-होते तेज बारिश के कारण सड़कों पर पानी ही पानी भर गया।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से शनिवार को यहां राजकीय निवास पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मुलाकात की। देवनानी से उपमुख्यमंत्री की इस शिष्टाचार भेंट के दौरान 16वीं विधानसभा के द्वितीय सत्र में प्रस्तुत किए जाने वाले बजट से संबंधित विभिन्न विषयों पर भी चर्चा हुई।

सी.एम. आज करेंगे तीन अभियानों का शुभारम्भ

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को पोलियो दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास पर बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर प्रदेश में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री स्टॉप डायरिया अभियान-2024 एवं आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आभा आईडी बनाओ अभियान का भी शुभारम्भ करेंगे।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान के 50 जिलों में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 5 वर्ष तक की आयु के करीब 1.07 करोड़ बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 61 हजार 500 से अधिक बूथ बनाए गए हैं, जिन पर 77 हजार 500 से अधिक टीमें पल्स पोलियो की खुराक पिलाएंगी। रविवार को बूथ पर पल्स पोलियो की खुराक पिलाने के साथ ही अगले दो दिन घर-घर जाकर भी दवा पिलाई जाएगी।

मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ आज

जयपुर। मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ 30 जून को माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के द्वारा टोंक में किया जाएगा। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में प्रातः 11 बजे जिला स्तरीय मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना समारोह का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत बजट घोषणा की अनुपालना में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित (8 हजार रुपये वार्षिक) होने वाले किसानों को राज्य सरकार द्वारा 2 हजार रुपये वार्षिक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु नोडल विभाग सहकारिता विभाग बनाया गया है।

कर्नल राठौड़ जनता के साथ सुनेंगे मन की बात

जयपुर। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीके मन की बात रेडियो कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को झोटवाड़ा की जनता के साथ वार्ड नं 46, प्रताप सर्किल, शरद मैरिज गार्डन हॉल, जयपुर में सुनेंगे।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhdjpr2.rhb@rajasthan.govin, Phone No. 0141-2782772
क्रमांक : DHC-II/444 दिनांक : 29.6.24

जाहिर आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 5/100, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 253.00 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री रामकृष्ण चंडक पुत्र श्री बशीराम चंडक को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3518 दिनांक 25.11.1989 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 09.02.1990 को प्राप्त कर लिया गया था। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 1426 दिनांक 15.12.2023 के द्वारा श्री रामकृष्ण चंडक पुत्र श्री बशीराम चंडक के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इसके पश्चात श्री रामकृष्ण चंडक पुत्र श्री बशीराम चंडक की मृत्यु हो जाने के कारण श्रीमती मधु चंडक पत्नी स्व. श्री रामकृष्ण चंडक एवं प्रियदर्शनी पुत्री स्व. श्री रामकृष्ण चंडक ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण संबंधी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने संयुक्त नाम से हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती मधु चंडक पत्नी स्व. श्री रामकृष्ण चंडक एवं प्रियदर्शनी पुत्री स्व. श्री रामकृष्ण चंडक के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। **सम्पदा प्रबंधक, वृत्त द्वितीय, जयपुर**

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण श्री प्रेमपाल पुत्र नारायण एवं पुष्पा देवी पत्नी श्री प्रेमपाल निवासी- गहनावली जिला- भरतपुर हाल निवासी 215/214 अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर का पुत्र ववलू उर्फ वीरपाल मेरे अभिभाष्यगण के कहने में नही है व लड़ाई झगड़ा करता है, इस कारण मेरे आभिभाष्यगण अपने पुत्र ववलू उर्फ वीरपाल को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने जीवन से बेदखल करते हैं। अब ववलू उर्फ वीरपाल का मेरे अभिभाष्यगण की चल व अचल सम्पत्ति में कोई हक व हिस्सा नही होगा। यदि कोई भी व्यक्ति मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र के साथ किसी प्रकार का लेन-देन या संव्यवहार करता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित रहे। **गणेश बूसर (एडवोकेट)**

नाम परिवर्तन

मैं पायल लखवानी पुत्री उधव दास लखवानी, पत्नी तरूण कुमार चंदीरमानी, निवासी-डी-803, महिमा आइरिस, जयपुर, एतद् द्वारा घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम बदलकर भारती चंदीरमानी कर लिया है। परिवार सभी रिकार्डों में भारती चंदीरमानी का उपयोग करेगा। कृपया भविष्य में मुझे इसी संशोधित नाम से जाना पहचाना जाए। Affidavit Number 000098, Dated 29th June 2024

मैं, ज्ञाना जैन पत्नी कमल चंद जैन निवासी 41, गणेश कॉलोनी, मेडिकल सेंटर के सामने, कालवार रोड, जयपुर, राजस्थान - 302012 उम्र 58 वर्ष ने अपना नाम बदलकर ज्ञाना देवी जैन रख लिया हे और भविष्य में मुझे ज्ञाना देवी जैन के नाम से जाना एवं पहचान जाए।

मैनें मेरा नाम भूपेन्द्र कुमार से बदलकर भूपेन्द्र शर्मा रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। भूपेन्द्र शर्मा पुत्र श्री देवकी नन्दन, निवासी 362, फर्स्ट फलोर साधना स्कूल, तिरूपति बालाजी नगर, सांगानेर

मैं नवीन कुमार शर्मा पुत्र श्री नरेश कुमार निवासी ग्राम दादरहेडा, तहसील खैरथल, जिला खैरथल-तिजारा। मैंने अपना नाम शर्मा नवीन कुमार नरेश कुमार से बदलकर नवीन कुमार शर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे नवीन कुमार शर्मा के नाम से जाना जाये।

I Service No. 613769H Ex. SGT. Madan Lal Swamy (Existing Name as per Service Documents) S/o Bhola Ram Swami R/o Plot No-34, K-5-C Colony, Near Chand Bihari Nagar, Khatipura Road, Jaipur, Rajasthan 302012. have changed my Name from Madan Lal Swamy to Madan Lal Swami (Proposed Name.) Vide stamp BT 584231 Dated 28-06-2024. Jaipur. Affidavit No 43/28/06/2024

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य नरेन्द्र पारीक द्वारा प्लॉट नम्बर 283, वेस्टर्न ग्रीन्स, ग्राम सक ब्रिजपुरी एवं जयभवानीपुरा, जयपुर मे स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 127.77 वर्गगज है को क्रय किया जा रहा है। यह कि प्लॉट न. 283, कुल क्षेत्रफल 127.77 वर्गगज का जे.डी.ए जयपुर द्वारा पट्टा विलेख क्रमांक डी-7016, दिनांक 26.02.2014 को रेखा अग्रवाल धर्मपत्नी अमर चन्द अग्रवाल के नाम से जारी किया गया, रेखा अग्रवाल का स्वर्गवास 25.10.2022 को हो जाने के बाद उनके विधिक व कानूनी उत्तराधिकारियों/वारिसान मे उनके पति अमर चन्द अग्रवाल, पुत्री पूजा अग्रवाल एवं पुत्र कुलदीप अग्रवाल उक्त वर्णित सम्पत्ति के संयुक्त रूप से मालिक, काबिज, स्वामी व अधिकारी हुए। तत्पश्चात पूजा अग्रवाल ने उक्त सम्पत्ति मे अपने हिस्से का हक त्याग जरिये पंजीकृत हक त्याग पत्र 09.12.2022 द्वारा अपने भ्राता कुलदीप अग्रवाल एवं अपने पिता अमर चन्द अग्रवाल के हित मे त्याग कर दिया। इस प्रकार कुलदीप अग्रवाल एवं अमर चन्द अग्रवाल उक्त सम्पत्ति के संयुक्त मालिक स्वामी, काबिज, स्वामी व अधिकारी है। कुलदीप अग्रवाल एवं अमर चन्द अग्रवाल द्वारा उक्त सम्पत्ति को किसी दीगर व्यक्ति को विक्रय किया जा रहा है। यह कि उक्त सम्पत्ति बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, बैंक, वित्तीय संस्था, सगे सम्बन्धी या अन्य कोई वारिसान, जनसाधारण, हस्पाटि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति, एतराज हो तो इस सूचना के प्रकाशन से सात दिवस की अवधि मे मुझसे व्यक्तिगत रूप से मेरे निम्नलिखित ऑफिस पते पर अपनी आपत्ति/ऐतराजात मय असल दस्तावेज सहित व्यक्त करें। उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा उक्त अवधि के पश्चात् इस आम सूचना बाबत् कोई भी आपत्ति/ऐतराजात किसी भी न्यायालय मे शून्य व निरस्त समझी जावेगी।
B.C Shankla, Advocate, Mob, 9829063273

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट नम्बर 29 जिसका कुल ऐरिया 102.22 वर्गगज (85.46 वर्गमीटर), गणेश विहार, स्थित खसरा नम्बर 173, ग्राम मुण्डिया रामसर, जयपुर, राजस्थान स्थित सम्पत्ति श्रीमती सायरी पत्नी स्व. श्री सन्नू लाल के श्रीमती मीरा पत्नी श्री भगवान दास से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 29.12.2021 के माध्यम से खरीदी थी। जो उप पंजीयक जयपुर-नवम्, दिनांक 30.12.2021 क्रम संख्या 202103182108480 पर पंजीबद्ध किया गया है। तत्पश्चात श्रीमती सायरी देवी का स्वर्गवास दिनांक 13.01.2024 को हो गया था। और उनके पति श्री सन्नू का स्वर्गवास पूर्व मे ही दिनांक 10.05.2008 को हो गया था। उनके कानूनी उत्तराधिकारी श्रीमती भगवती देवी, श्री मुकेश, श्री सावन कुमार एवं श्री अनिल कुमार ने अपनी 4/5 हिस्सेदारी अपने भाई श्री चिरंजी चन्द पुत्र स्व. श्री सन्नू को पंजीकृत हक-त्याग के माध्यम से दिनांक 22.02.2024 को स्थानातरित कर दी, जो उप पंजीयक जयपुर-द्वितीय दिनांक 22.02.2024, क्रम संख्या 202403016102458 पर पंजीबद्ध किया गया है। उक्त सम्पत्ति वर्तमान मे इंडिया शेल्टर फाइनेन्स कॉर्पोरेशन के पास गिरवी रखी गई है तथा अब श्रीमती लाली देवी पत्नी श्री मनोज कुमार उक्त वर्णित सम्पत्ति को श्री चिरंजी चन्द से क्रय कर रही है उक्त वर्णित सम्पत्ति को मेरी अभिभाष्या ART Housing Finance (India) Limited द्वारा बन्धक रख कर ऋण प्रदान किया जा रहा है इस बाबत किसी भी पक्षकार, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, प्रतिनिधि एवं अन्य को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति या जानकारी हो तो विन्म अधोहस्ताक्षरकर्ता से मय दस्तावेजी साक्ष्य के 7 दिवस मे सम्पर्क करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति विधि शून्य मानी जावेगी तथा मेरी अभिभाष्या बैंक द्वारा ऋण आवेदक को ऋण प्रदान कर दिया जावेगा।
अक्षत सक्सेना (एडवोकेट) मो. 6261429004

राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी
क्रमांक-973 दिनांक-28/6/2024

आवश्यक सूचना हर आम एवं खास को इस पंजीकरण वर्ष 2002 में हित रखनें वाले व्यक्ति विशेष को सूचित किया जाता है कि मूल आवंटी श्री अजय कुमार सक्सेना को आवास संख्या 2/46 अरावली विहार योजना भिवाडी में आवंटन पत्र क्रमांक 2122 दिनांक 24.09.2010 के द्वारा आवंटित किया गया था। इनके द्वारा उक्त आवास को बेचान उपरान्त मण्डल द्वारा अन्तिम क्रेता श्री शिवानन्द राय के पक्ष में नियमितिकरण एंव अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 4914 दिनांक 31.03.2013 को जारी किया जा चुका है। इनके द्वारा उक्त आवास की रजिस्ट्री स्वयं के पक्ष में दिनांक 31.03.2013 को उप पंजीयक भिवाडी में पंजीकृत करवाई जा चुकी है। श्री शिवानन्द राय की मृत्यु दिनांक 11.01.2023 को हो चुकी है। श्री शैलेश कुमार राय एवं श्री सौरभ राय ने प्रार्थना पत्र, आवश्यक प्रपत्र एवं श्री शिवानन्द राय की मृत्यु का प्रमाण पत्र, शपथ पत्र एंव पंजीकृत हक्कत्याग पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है, कि उनके पिताजी का स्वर्गवास दिनांक 11.01.2023 को हो जाने के कारण उपरोक्त मकान संख्या 2/46 अरावली विहार, भिवाडी जिला अलवर का मृत्यु उपरान्त प्रतिस्थापन हस्तांतरण उनके नाम किया जाये। अतः जरिये इस विज्ञिप्त यह आगाह किया जाता है कि उक्त आवास संख्या 2/46 अरावली विहार, भिवाडी के संबन्ध में पिता, पुत्र, पुत्रियां भाई व अन्य किसी रिश्तेदार को किसी प्रकार का किसी भी व्यक्ति विशेश या हितकारी को एवं आम व्यक्ति को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञिप्त के प्रकाशित होने के 10 दिवस में आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड भिवाडी में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्री शैलेश कुमार राय एंव श्री सौरभ राय पुत्रान स्व. श्री शिवानन्द राय के पक्ष में उपरोक्त मकान संख्या 2/46 अरावली विहार, भिवाडी जिला अलवर का मृत्यु उपरान्त प्रतिस्थापन हस्तांतरण किये जाने की कार्यवाही की जावेगी।
आवासीय अभियन्ता
राजस्थान आवासन मण्डल-खण्ड भिवाडी

सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में)
15-ए, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली – 110075
विज्ञापन संख्या: सी.सी.आर.टी/11011/04/ 2024/03
विषय: सीसीआरटी में ग्रुप-ए पदों की भर्ती - संबंधी।

सीसीआरटी के भर्ती नियमों के अनुसार सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली में निम्नलिखित पदों के लिए इच्छुक और योग्य अभ्यर्थियों से प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के आधार पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। रिक्ति विवरण इस प्रकार है :

क्रम संख्या	पद का नाम	पद की संख्या	वेतन स्तर	भर्ती का तरीका
1.	निदेशक	01	वेतन स्तर – 12 (रु. 78,800-2,09,200) 7वें सीपीसी के अनुसार	प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित)
2.	उपनिदेशक (वित्त)	01	वेतन स्तर – 11 (रु. 67,700-2,08,700) 7वें सीपीसी के अनुसार	

नोट: *जिन अभ्यर्थियों ने 23-29 दिसंबर, 2023 के रोजगार समाचार में इस कार्यालय के विज्ञापन के जवाब में निदेशक के पद के लिए पहले ही आवेदन कर दिया है, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।*

विस्तृत विज्ञापन, निर्धारित आवेदन प्रारूप एवं सामान्य निर्देश सीसीआरटी वेबसाइट https://ccrtindia.gov.in/ पर उपलब्ध है और इच्छुक/योग्य अभ्यर्थी सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा कर सकते हैं। विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र की प्राप्ति की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 60 दिन है। रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन के लिए सप्ताह की अंतिम तिथि लागू होगी।

उप-निदेशक (प्रशासन)
सीसीआरटी, नई दिल्ली
CBC 09127/12/0003/2425

सम्मन बनाम कायम मुकाम
(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत अपर जिला न्यायाधीश क्रम संख्या 1, मुकाम शाहपुरा जयपुर
सन्तोष बाई बाबत कैलाश चन्द वगै.
दावा बाबत अपील
मुकद्दमा नम्बर 31/06 सन्

बनाम-
मुसम्मी (1) शुभ गुप्ता पुत्र कैलाश चन्द (2) शकुन्तला पत्नी कैलाश चन्द जाति महाजन निवासी पावटा हाल C/o डॉ.शुभ डेन्टल क्लिनिक शशीकान्ता धाम CSC-6 DDA मार्केट RD राजपुर सोकेट 24/1 सेक्टर 9 रोहिनी दिल्ली 110085

चूंकि अपीलार्थी ने इस अदालत में तारीख... माह...सन् 199.. को 1. सन्तोष बाई बनाम 2.कैलाश चन्द दायर को जो कि बाद में फोत हो गया। और चूंकि अपीलार्थी मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी कैलाश चन्द मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप 3. कायम मुकाम बनाये जावें।

लिहाजा अजरिये जाहा बगर्ज जवाब देही 1.... 10 माह 7 सन् 2024 को अदालत हाजा में हाहिर होने के लिये तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकद्दमा आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसल किया जावेगा। बसक्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 31 माह 05 सन् 2024 को जारी किया गया।

मोहर अदालत
आज्ञा से रीडर ग्रेड-प्रथम
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
क्रम-1, शाहपुरा (जयपुर जिला) राज.

बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda
आर्य नगर शाखा, अलवर, राजस्थान
ई-मेल: aryana@bankofbaroda.com

वाहन के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित वाहन जो प्रतिभूत लेनदार के पास दृष्टिबंधक है, का वास्तविक कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर **बैंक ऑफ बड़ौदा, आर्य नगर शाखा, अलवर, राजस्थान** प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि की वसूली हेतु **दिनांक 15.07.2024** को बेचा जाएगा। ऋणियों, प्रतिभूति-दाता, ज्ञात ऋण भार (यदि कोई हो) सहित वाहन, आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि, बकाया राशि व समय का विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा:

ऋणी एवं जमानतदार का नाम व पता- श्री दीपक अरोड़ा पुत्र श्री मदन लाल अरोड़ा, मकान नं. 6, शास्त्री नगर, मेडिकल कॉलोनी, 60 फीट रोड़, अलवर, राजस्थान 301001 **एवं जमानतदार-** श्री योगेन्द्र कुमार, गोपालिया बिल्डर्स के सामने, 60 फीट रोड़, अलवर, राजस्थान 301001

वर्तमान बकाया राशि- रूपये 3,69,543.23 दिनांक 26.06.2024 को बकाया तथा इससे आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि।
धरोहर राशि (ईएमडी.) तथा केवाईसी., दस्तावेज जमा करवाने की अन्तिम तिथि 12.07.2024 सांय 4:00 बजे से पहले।

वाहन का ब्यौरा (बैंक में उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार)	आरक्षित मूल्य	धरोहर राशि	ई-नीलामी का समय
श्री दीपक अरोड़ा पुत्र श्री मदन लाल अरोड़ा के नाम रेनॉल्ट ट्राइबर आरएक्सई पेट्रोल एमटी 1.0एल ईसीई, रजिस्ट्रेशन नं. RJ02UA9399, चेसिस नं. MEERBC000K9008262, इंजन नं. B4DA412E008089, मोडल 2019, कलर मेटल मस्टर्ड **अन्य ऋण भार: ज्ञात नहीं**	रूपये 2,10,000/- (रूपये दो लाख दस हजार मात्र)	रूपये 21,000/- (रूपये इकीस हजार मात्र)	दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट की असीमित समयावृद्धि के साथ)

ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें-
1. विक्रय को बिना कारण बताये किसी भी समय निरस्त अथवा स्थगित करने का अथवा किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार व अस्वीकार करने का अधिकार बैंक ऑफ बड़ौदा के पास सुरक्षित है। यह ठीक प्रकार से समझ लेवें कि विक्रय बैंक के दवारा पुष्टि किये जाने के अधीन है।
2. इच्छित बोलीदाता जिन्होने ईएमडी जमा कर दिया है और लॉगिन और पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई-बोली प्रक्रिया पर प्रशिक्षण आदि में सहायता की आवश्यकता है, वे **मैसर्स ई-प्रोक्यूरमेन्ट टेक्नोलोजिज लिमिटेड- ऑक्शन टाईगर, बी-704, वॉल स्ट्रीट-2, ऑरियन्ट क्लब के सामने, गुजरात कॉलेज के पास, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद 380006, सम्पर्क सूत्र श्री प्रवीण कुमार वेबर मोबाईल +91-9722778828 को सम्पर्क कर सकते है** एवं वाहन से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा, आर्य नगर शाखा, अलवर, राजस्थान** से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान संपर्क कर सकते हैं।
3. प्राधिकृत अधिकारी की सम्पूर्ण जानकारी एवं सूचनाओं के अनुसार वाहन पर कोई भी अन्य ऋण-प्रभार नहीं है फिर भी इच्छुक बोलीकर्ता अपनी निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व इस वाहन पर ऋण-भार एवं दावे/अधिकार/ बकायो/प्रभावी संबंधी जांच-पडताल उनके स्वयं दूवारा अलग से कर सकता है।
4. ई-नीलामी के दौरान बोलीदाताओ को परस्पर अन्तिम बोली के ऊपर उच्च बोली लगाने की अनुमति दी जायेगी तथा किसी बोलीदाता दूवारा अंतिम बोली से उच्चतर यदि कोई बोली लगाई जाती है तो विक्रय प्रक्रिया अवधि 5 मिनट के लिये स्वतः ही बढ़ जायेगी तथा यह प्रक्रिया असीमित समय तक निरन्तर रहेगी।

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात ई-नीलामी हेतु प्लेटफॉर्म https://bob.auctiontiger.net देखें।

दिनांक: 28.06.2024 हस्ता.
स्थान: अलवर प्राधिकृत अधिकारी

सूफी गायन ने समां बांधा

जयपुर। नेट-थियेट के कार्यक्रमों की श्रृंखला में उभरते युवा कलाकार साहिल और सोहेल ने अमीर खुसरो की छाप तिलक सब छीनी रे मोसे नैना मिलाकर सुनाई और माहौल को सुफियाना बनाया।

नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि साहिल और सोहेल ने कार्यक्रम में शायर असद अजमेरी का सुप्रसिद्ध सूफियाना कलाम मन मा लागी है, जा दिल से तोरी लगन, प्रीत की मन में बढ़ती है शीतल अगन, मेरे अरबी सजन,मेरे अरबी सजन को बड़े ही फकीराना अंदाज में गाकर अपनी गायकी का परिचय दिया और दर्शकों की दाद बटोरी।

दुबई-फ्रांस के साथ प्रदेश में वेडिंग टूरिज्म को किया प्रमोट

जयपुर। दुबई- फ्रांस के साथ गोवा, जोधपुर, आगरा, दिल्ली, उदयपुर और देश भर के वेडिंग टूरिज्म एक्सपर्ट्स गुलाबी नगरी के मंच पर आए और प्रदेश में वेडिंग टूरिज्म को बढ़ाने पर चर्चा की। साथ ही इस मौके पर विश्व स्तर पर राजस्थान टूरिज्म इंडस्ट्री को पहचान और बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाने वाले एक्सपर्ट्स को सम्मानित किया गया। इसके लिए शुभ फूड, ट्रैवल और वेडिंग टूरिज्म समिट और अवार्ड्स का सीजन-6 का आयोजन होटल नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर में किया गया। इस मौके पर देश-दुनिया के जाने-माने वेडिंग एक्सपर्ट त्रतुराज खन्ना के साथ हैदराबाद से राखी कांकरिया ने चर्चा करते हुए कई नई जानकारियाँ दीं और इंडस्ट्री के चैलेंजेज का सामना करने के लिए कार्यक्रम में आए पार्टिसिपेंट्स को गुर सिखाए। इस दौरान बीकाजी के एमडी दीपक अग्रवाल, नेहा चुगानी, अनिल लोहाना, गौरी चड्ढा (दुबई), देवेंद्र शास्त्री, सन्नी सबरवाल, अजय चौहान आदि गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौजूद रहे।

शुभ वेडिंग्स के निदेशक राजन कायस्थ और आरती निर्वाण ने बताया, कि कार्यक्रम में फूड स्पेशलिस्ट्स भी शामिल हुए। जिसमे दुबई के फेमस वेडिंग प्लानर, तसनीम अलीभाई के साथ गौरी चड्ढा प्रमुख रहे। उन्होंने अपनी इंडस्ट्री इनसाइट और स्पेशलाइजेशन शेयर किए। वहीं कार्यक्रम में इंडियन एक्सपर्ट्स के रूप मे ऋतुराज खन्ना (नोएडा), नेहा चुगानी (जोधपुर), दीपक अग्रवाल (बीकानेर) और पी. पी. खन्ना (दिल्ली) भी शामिल हुए।

पत्रकारिता के स्वस्थ मूल्यों के लिए कार्य हो : राज्यपाल कलराज मिश्र

- 'आजाद और जीवंत प्रेस ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत'

जयपुर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा है कि आजाद और जीवंत प्रेस ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमता के इस दौर में भाषा विशेषज्ञों, शब्द संवेदना से जुड़े मर्मज्ञ विद्वानों की सहायता से पत्रकारिता के स्वस्थ मूल्यों के लिए विश्वविद्यालय नींव रूप में कार्य करे।

मिश्र शनिवार को हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्वविद्यालय के नवनिर्मित मुख्य भवन का ऑनलाइन लोकार्पण भी किया और इसके लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता शिक्षा के अंतर्गत नई शिक्षा नीति के आलोक मे ऐसे पाठ्यक्रम तैयार किए जाएं जो युग की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए नई पीढ़ी को संवे